मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26, किसान भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.)
Website:www.mpmandiboard.gov.in E-mail: mdmandiboard@gmail.com Tell:0755-2553429

क्रमांक/बी-5/2/एगमार्कनेट/2024-25/ 1491 भोपाल दिनांक 08 अक्टूबर 2024

प्रति,

संयुक्त संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
आंचलिक कार्यालय-भोपाल/इंदौर/उज्जैन/ग्वालियर/सागर/जबलपुर एवं रीवा।

विषयः-ई अनुज्ञा पोर्टल पर डाटा रिर्पोटिंग करने के संबंध में।

संदर्भः-श्री बी.के पृष्टि, उप कृषि विपणन सलाहकार, विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के साथ सम्पन्न हुई वर्चुअल बैठक दिनांक 07 अक्टूबर 2024।

-0-

उपरोक्त विषय के संदर्भ में भारत सरकार द्वारा एगमार्कनेट पोर्टल की जा रही डाटा रिपोर्टिंग के आधार पर आवश्यक कृषि उत्पादों जैसे. तिलहन, दालें तथा अनाज आदि के भावों पर गहनता से नजर रखी जा रही है ताकि उत्पादक कृषकों को प्रतिस्पर्धात्मक मूल्य प्राप्त हो सके, इसी परिप्रेक्ष्य में दिनांक 07 अक्टूबर 2024 को भारत सरकार के अधिकारियों के साथ राज्य मण्डी बोर्ड की वर्चुअल बैठक सम्पन्न हुई।

मण्डी बोर्ड की ई-अनुज्ञा प्रणाली को एपीआई वेब सर्विस के माध्यम से एगमार्कनेट पोर्टल से जोडने(Integration) की कार्यवाही भारत सरकार के सहयोग से पूर्ण कर ली गई है। इस सुविधा के प्रारंभ होने से प्रदेश की मण्डी समितियों की दैनिक आवक एवं भाव की जानकारी ई-अनुज्ञा पोर्टल के माध्यम से सीधे भारत सरकार के एगमार्कनेट पोर्टल पर अपडेट होकर प्रदर्शित हो रही है। साथ ही प्रदेश की 176 फल-सब्जी हेतु अधिसूचित मण्डी समितियों में से कुल 146 फल-सब्जी मण्डी समितियों की दैनिक आवक तथा भाव की जानकारी भारत सरकार के एगमार्कनेट पोर्टल पर दर्ज करने हेतु पृथक से मैन्युअल प्रक्रिया निर्धारित कर मण्डीवार लॉगईन आई.डी. तथा पासवर्ड भारत सरकार से प्राप्त कर पूर्व व्यवस्था अनुसार दैनिक आवक तथा भाव की जानकारी की प्रविष्टि किये जाने के निर्देश कार्यालयीन पत्र क्रमांक बी-5/2/एगमार्कनेट/2024-25/1481 दिनांक 23/09/2024 से आपको दिये गये है। साथ ही शेष 30 मण्डियों के लॉगईन आई.डी. तथा पासवर्ड भारत सरकार से प्राप्त होते ही आपको प्रेषित किये जावेंगें।

Sandeep

अतः भारत सरकार की मंशा अनुरूप ई-अनुज्ञा पोर्टल में दैनिक रूप से दर्ज होने वाली समस्त जिन्सों के साथ साथ विशेष रूप से जिन्स-सोयाबीन, मूंगफली, प्याज, टमाटर एवं लहसुन की आवक एवं भाव(न्यूनतम उच्चतम एवं माडल भाव)की दैनिक जानकारी की जांच, मिलान, त्रुटि सुधार का कार्य नियमित रूप से किया जाना सुनिश्चित करें ताकि प्रदेश की मण्डी समितियों की दैनिक आवक एवं भाव की सही एवं वास्तविक जानकारी ई-अनुज्ञा पोर्टल के माध्यम से भारत सरकार के एगमार्कनेट पोर्टल पर प्रदर्शित हो सके।

08/10/2024
(संदीप कुमार चौबे)
चीफ प्रोग्रामर
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क्रमांक/बी-5/2/एगमार्कनेट/2024-25/1492 भोपाल दिनांक08अक्टूबर 2024

प्रतिलिपीः- सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

(01) निज सहायक, प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल (म.प्र.)।

(02) श्री बी.के पृष्टि, उप कृषि विपणन सलाहकार, विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार

(03) श्री मुशर्रफ सुल्तान, वरिष्ठ तकनीकी निदेशक सह एगमार्कनेट योजना समन्वयक, भारत सरकार, संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केन्द्र, प्रथम तल, सतपुडा भवन, भोपाल।

(04) उप कृषि विपणन सलाहकार, विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय, भारत सरकार, स्थानीय कार्यालय आर, 24 जोन-1, महाराणा प्रताप नगर, भोपाल ।

08/10/2024
चीफ प्रोग्रामर
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल